recommendation for inter college [university migration to Punjab Engineering Col. lege, Chandigarh;

(b) if so, college[university-wise names of the applicants recommended for migration; and

(c) the criteria adopted in recommending the cases?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) Yes, Sir.

(b) The Chandigarh Administration re commended the names of the following applicants for migration;—

S/Shri Anil Kumar Batra, Sujit Kapur, Darshjit Singh Grewal and Rohit Tangri from Guru Nanak Dev Engineering College, Ludhiana (Punjab University); Ms. Subhadra Yadav from Government Engineering College, Bathinda (Punjab University); Shri Vikas Kapur from Manipal Institute, of Technology, Manipal (Mangalore University); Shri Shaswat Sharma from Sir Vishvesvarya Institute of Technology, Bangalore; Shri Vijay Inder Singh from B.M.S. Engineering College, Bangalore; Shri Gagan Huria from Kamla Nehru Institute of Technology, Sultanpur (Avadh University).

(c) The recommendations for migration are made by the Chandigarh Administra tion purely on security|medical grounds.

Payment of HRA and CCA arrears to teachers of Government Girls Middle School, Madangir, Delhi

924. SHRI RAJNI RANJAN SAHU; Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 2615 given in Rajya Sabha on the 13th March, 1992 and state:

(a) whether Government have made the payments of arrears of H.R.A. and CCA to each and every teacher of the Government Girls Middle School, Madangir, Delhi; and

(b) if not, what are the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) and (b) Delhi Administration has intimated that the payment of arrears of H.R.A. and CCA. have been made to all except two teachers of Government Girls Middle School, Madangir, Delhi. The bills of the two teachers are under process with the Pay & Accounts Officer.

प्रौढ़ शिक्षा का लक्ष्य

925. **श्री राम जेठमलानी :**
श्री रणजीत सिंह :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1985 से 1990 की अवधि के दौरान देश में प्रौढ़ शिक्षा के विस्तार के लिये एक कार्यक्रम कार्यान्वित किया गया था ;

(ख) क्या इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया था;

(ग) यदि हां, तो यह लक्ष्य क्या था तथा क्या इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सका ; और

(घ) क्या हासिल किये गये परिणाम उक्त कार्यक्रम पर खर्च की गई धन-राशि के अनुरूप थे ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) वर्ष 1987–90 के दौरान 15–35 आयु वर्ग में 3 करोड़ प्रौढ़ निरक्षरों को कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करने के लिये राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के अन्तर्गत एक विशेष लक्ष्य निर्धारित किया गया था । इस अवधि के दौरान, इस लक्ष्य के स्थान पर साक्षर किये गये व्यक्तियों की संख्या 1.504 करोड़ थी ।

(घ) यह मानना होगा कि प्रौढ़ शिक्षा जैसे सामाजिक कार्य के कार्यक्रम के परिणामों की उपलब्धियों को, उन पर किये गये वित्तीय खर्च से नहीं मापा जा सकता । ऐसे कार्यक्रमों की सफलता काफी हद तक सामाजिक, आर्थिक तथा अन्य परिस्थितियों पर निर्भर करती है जिसमें अधिकतर वास्तव में प्रौढ़ शिक्षु रहते तथा कार्य करते हैं। इसके अलावा वर्ष 1987–90 के दौरान लक्ष्यों को प्राप्त करने में कमी होने के निम्नलिखित कारण हो सकते हैं:–

(i) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के प्रथम दो वर्ष साक्षरता के लिये सकारात्मक वातावरण पैदा करने, इसे अधिक प्रभावी बनाने के लिये योजनाओं में संशोधन करने, विभिन्न स्तरों पर मिशन का प्रबंध ढांचा तैयार करने, अच्छी विश्वस्नीय तथा स्वैच्छिक एजेंसियों का पता लगाने तथा सभी संबंधितों से गहन परामर्श करने आदि में व्यतीत हो गये।

(ii) गोवा, केरल राज्यों तथा संघशासित प्रदेश पांडिचेरी में संपूर्ण साक्षरता अभियानों के लिये जन-अभियानों को शुरू करने से इन राज्यों/संघशासित प्रदेशों में सभी केन्द्र-आधारित कार्यक्रम रूक गये । इन अभियानों की वास्तविक उपलब्धियों की जानकारी केवल वर्ष 1990–91 में ही हुई अतः इन उपलब्धियों को वर्ष 1989–90 में दर्शाया नहीं जा सका।

(iii) मई, 1988 में शुरू किये गये राष्ट्रीय मिशन साक्षरता के पश्चात् जिन विभिन्न योजनाओं में संशोधन की प्रक्रिया शुरू की गई थी ने भी इस केन्द्र आधारित कार्यक्रमों को आगे उसी रूप में जैसा कि रा0 सा0 मि0 से पूर्व थे जारी रखने के बारे में अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न कर दी है।

कमजोर वर्गों में शिक्षा का प्रसार

श्री राम जेठमलानी :
श्री रणजीत सिंह :

926. क्या मानव विकास संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड द्वारा गठित समिति के एक दल ने आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान देश में समाज के लिये कमजोर वर्गों में शिक्षा के प्रसार के लिये सरकार द्वारा एक योजना शुरू किये जाने का सुझाव दिया है ;

(ख) क्या सरकार ने इस सुझाव पर गंभीरता से विचार किया है ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा गठित अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा अल्पसंख्यकों की शिक्षा संबंधी कार्यदल ने दिनांक 5–6 मई, 1992 को हुई अपनी बैठक में सुविधाहीन वर्गों के लिये कोई शैक्षिक कार्यक्रमों की सिफारिशें की हैं । राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संशोधन के अनुसरण में कार्रवाई कार्यक्रमों का पुनरीक्षण करते समय इन सिफारिशों को ध्यान में रखा जा रहा है।

Universities in the Country

927. SHRI SANTOSH KUMAR SAHU; Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) the number of State Universities/Central Universities) Deemed Universities opened during the last two years and proposed to be opened in the near future with their names;

(b) what has been the enrolment perenctage in the faculties of Arts, Commerce and Science at the first degree level during the same period, proposed allocation for the current